Limited & Carona Limited involve approval of foreign collaborations, which requires examination on the basis of different parameters. A decision will be taken by the Government as soon as possible, after examination of all relevant issues.

खाना पकाने की गैस के कनेक्शनों का मंजूर किया जाना

1273. **श्री सुनील कुमार पट्टनायक :** क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि इंडियन आयल कारपोरेशन की विभिन्न तेल कम्पनियों के महाप्रबन्धक प्रति माह पांच से अधिक खाना पकाने की गैस के कनैक्शनों को मंजूर करने के लिए प्राधिकृत हैं जब कि सांसदों के साथ ऐसा नहीं है ;

(ख) यदि उपर्युक्त भाग (क) का उत्तर "हां" हो तो उसके क्या-क्या कारण है ;

(ग) क्या सरकार इस भेदभाव को समाप्त करने का विचार रखती है ; और

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में उपमंत्री (श्री रफीक आलम): (क) से (घ) पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा स्वीकृत एल० पी० जी० कनेक्शनों के अतिरिक्त तेल विपणन कंपनियों के निर्धारित स्तर तक के कुछ अधिकारी कनेक्शन स्वीकृत करने के लिए प्राधिकृत हैं। अन्य कोई अधिकारी इस संबंध में प्राधिकृत नहीं है। संसद सदस्यों द्वारा की गई सिफारिशों के आधार पर पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्रालय के द्वारा वर्ष के दौरान एक निर्दिष्ट संख्या में कनेक्शन स्वीकृत किए जाते हैं।

पूर्वी दिल्ली में गलत टेलीफोन बिल

1274. **श्री सुनील कुमार पट्टनायक :** क्या **संचार मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कर्मचारियों की कमी के कारण महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड, दिल्ली द्वारा पूर्वी भाग में ग्राहकों को गलत टेलीफोन बिल भेजे जा रहे हैं और उन बिलों में शीघ्रता-पूर्वक संशोधन नहीं किया जाता है; और

(ख) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में क्या-क्या कदम उठाये जा रहे हैं।

ऊर्जा मंत्री और संचार मंत्री (श्री वसंत साठे): (क) और (ख) जी नहीं। तथापि, शुल्क-दरों में परिवर्तन और इस लेखा प्रणाली के अनुरूप 31-3-1988 तक मीटरिंग सूचना शामिल करने के कारण, कम्प्यूटरीकृत विवरणों के मिलने में कुछ देर हुई है और इसके कारण कुछ गलतियों को सुधारने में देर हुई। स्थिति अब सामान्य है।

Committee for submission of viability report in respect of National Tannery Co. Ltd., Calcutta

1275. SHRI SAMAR MUKHERJEE: Will the Minister of INDUSTRY be pleased to state:

(a) whether a Committee consisting of representatives of IRBI, IDBI, UBI, STC, West Bengal Government, BATA and representatives of the workers was proposed to be formed for submission of viability report in respect of National Tannery Co. Ltd., Calcutta;

(b) if so, whether the said Committee has been constituted; and

(c) if so, whether the Committee has submitted its report, if not, the reasons thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF INDUSTRIAL DEVELOPMENT IN THE MINISTRY OF INDUSTRY (SHRI M. ARUNACHALAM): (a) to (c) The IRBI had constituted a Working Group consisting of STC, West Bengal's State Leather Industries Deve-